**न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बीकानेर**
**पीठासीन अधिकारी, रामस्वरूप चौहान, आर.ए.एस**

**1. अपील संख्याः 56/20** **निर्णय दिनांकः–** 9/2/23
**(जीसीएमएस संख्या 2020/00203)**

1. खेमाराम
2. ईशरराम
3. पूरखाराम
4. दीपाराम } पिसरान जीयाराम
5. चूकी पत्नी मघाराम
6. हरीराम पुत्र मघाराम
7. गंगा नाबालिग पुत्री मघाराम जरिये वली सरक्षंक माता चूकी जाति जाट निवासी पांचू तहसील नोखा जिला बीकानेर।

–अपीलांटस्

**–बनाम–**

1. रामेश्वरलाल
2. दुलाराम
3. रूपाराम
4. हरखाराम } पिसरान जोगाराम
5. खीवणी पत्नी जोगाराम
6. अमानाराम
7. खीयाराम
8. ताजाराम } पिसरान आसुराम
9. शांति पत्नी स्व. आसुराम
10. गणेशाराम
11. रेवन्तराम
12. पारू
13. पुरा
14. किस्तुरी
15. धापू } पिसरान केसराराम

जाति जाट निवासी पांचू हसील नोखा जिला बीकानेर।

16. स्टेअ ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार नोखा।
17. उपपंजियक नोखा

–रेस्पोडेन्ट्स

18. उगमाराम पुत्र मघाराम जाति जाट निवासी पांचू तहसील नोखा जिला बीकानेर

–गौण रेस्पोडेन्ट्

**अपील विरुद्व निर्णय व डिकी दिनांक 15–07–2019**
**उपखण्ड अधिकारी, नोखा**

राजस्व अपील अधिकारी
बीकानेर

2. अपील संख्याः 57 / 20
(जीसीएमएस संख्या 2020 / 00204)

1. खेमाराम
2. ईशरराम
3. पूरखाराम
4. दीपाराम
} पिसरान जीयाराम

5. चूकी पत्नी मघाराम
6. हरीराम पुत्र मघाराम
7. गंगा नाबालिग पुत्री मघाराम जरिये वली सरक्षंक माता चूकी जाति जाट निवासी पांचू तहसील नोखा जिला बीकानेर।

–अपीलांटस्

–बनाम–

1. रामेश्वरलाल
2. दुलाराम
3. रूपाराम
4. हरखाराम
} पिसरान जोगाराम

5. खीवणी पत्नी जोगाराम
6. अमानाराम
7. खीयाराम
8. ताजाराम
} पिसरान आसुराम

9. शांति पत्नी स्व. आसुराम
10. गणेशाराम
11. रेवन्तराम
12. पारू
13. पुरा
14. किस्तुरी
15. धापू
} पिसरान केसराराम

जाति जाट निवासी पांचू हसील नोखा जिला बीकानेर।

16. स्टेअ ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार नोखा।
17. उपपंजियक नोखा

–रेस्पोडेन्ट्स

18. उगमाराम पुत्र मघाराम जाति जाट निवासी पांचू तहसील नोखा जिला बीकानेर

–गौण रेस्पोडेन्ट्

**अपील विरुद्व निर्णय व डिकी दिनांक 11–10–2019**
**उपखण्ड अधिकारी, नोखा**

न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी बीकानेर सत्यमेव जयते

राजस्व अपील अधिकारी
बीकानेर

उपस्थितः–

1. श्री दिनेश गहलोत, अभिभाषक अपीलांट्स
2. श्री ओम जाखड, अभिभाषक रेस्पोडेन्ट् संख्या 1 ता 5
3. श्री मिलापचन्द धतरवाल, राजकीय अभिभाषक

–निर्णय–

1. अपीलांट्स ने यह अपीलें उपखण्ड अधिकारी, नोखा के निर्णय व डिक्री दिनांक 15–07–2019 व 11–10–2019 जिसके द्वारा विधि विरूद्व तरीक से निर्णय व विभाजन की डिक्री पारित की गई है, के विरुद्व इस न्यायालय में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 223 के अन्तर्गत प्रस्तुत की है ।

2. विद्वान अभिभाषक उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

3. विद्वान अभिभाषक अपीलांट्स ने अपनी बहस में कथन किया कि वादग्रस्त भूमि ग्राम भादला स्थित खेत खसरा नंबर 693 रकबा 10.15 हैक्टेयर, खसराम नंबर 696 रकबा 7.55 हैक्टेयर, खसरा नंबर 697 रकबा 16.00 हैक्टेयर, खसरा नंबर 698 रकबा 3.10 हैक्टर, खसरा नंबर 702 रकबा 6.30 हैक्टेयर खसरा नंबर 703 रकबा 5.07 हैक्टेयर भूमि की कुल 48.17 हैक्टेयर भूमि अपीलांटान एव रेस्पोडेन्टान के संयुक्त खातेदारी में चली आ रही है, संयुक्त कब्जा काश्त एवं संयुक्त राजस्व रेकॉर्ड खातेदारी चली आ रही है कोई बाहमी विभाजन नही हो रखा है। उक्त वादगत भूमि में अपीलान्टान एवं गौण रेस्पोडेन्टान संख्याा 18 का 1/2 हक व हिस्सा है रेस्पोडेन्ट संख्या 1 ता 5 का 1/8 व रेस्पोडेटान संख्या 6 ता 9 का 1/8 व रेस्पोडेन्ट संख्या 10 ता 15 का 1/4 हक व हिस्से में भूमि आती है। सभी रिकॉडेड खातेदार संयुक्त खातेदार होते हुए भी रेस्पोडेन्ट संख्या 1 द्वारा गलत बयान करते हुए अधिनस्थ न्यायालय से अपीलाधीन निर्णस व डिक्री प्राप्त कर ली। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांटान पर ना तो केई विधिवत तामिल करवाई गई नाही कोई नोटिस दिया गया सारी कार्यवाही एक तरफा तौर पर कि गई।

राजस्व अपील अधिकारी
बीकानेर

अभिभाषक अपीलांट ने आगे कथन किया कि इसी वादगत भूमि के बाबत इस न्यायालय में खेमाराम अपीलांट द्वारा एक दावा दिनांक 14.03.2018 दावा संख्या 31/18 खेमाराम बनाम इशरराम आदि विचाराधीन चल रहा था जिसमें न्यायलय द्वारा अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 14–03–2018 को प्रार्थना पत्र संख्या 26/18 में जारी कर रखी थी जिसका ज्ञान रेस्पोडेंट को था इन सभी तथ्यों को छुपाते हुए अपीलाधीन निर्णय व डिक्री एकपक्षीय प्राप्त कर ली। अधिनस्थ न्यायालय में रेस्पोडेंट द्वारा जो शपथ पत्र गवाह प्रस्तुत किय गये थे वह गवाह भूमि के पडोसी नही है उनके खेत से करीब 13–14 किमी दूर है जिन्हे वादगत भूमि के बारे कोई जानकारी नही थी। अधिनस्थ न्यायालय में दावा रेस्पोडेंट संख्या 1 के द्वारा किया गया था जिसमें शेष हिस्सेदारों का प्रतिवादी बनाया गया था रेस्पोडेंट के द्वारा जो कॉज आफ एक्शन अंकित किये गये वह भी सभी प्रतिवादी के विरूद्ध थे दावा केवल रेस्पोडेंट संख्या 1 के हिस्से तक ही डिक्री किया जाना चाहिए था क्योकि शेष किसी भी हिस्सेदार ने अपने हिस्से के विभाजन के लिए कोई निवेदन नहीं किया था लकिन अधिनस्थ न्यायालय ने रामेश्वर की हक व हिस्से से अधिक भूमि का विभाजन की डिक्री पारीत कि जो विधि विरूद्ध है।

अभिभाषक अपीलांट ने आगे कथन कर कहा कि अधिनस्थ न्यायालय ने जो दावा डिक्री किया गया उस दावे में प्रतिवादी संख्या 5 व 7 का स्वर्गवास निर्णय करने से पूर्व ही हो गया था अधिनस्थ न्यायालय द्वारा जो निर्णय व डिक्री पारीत कि गई वह मृत व्यक्ति के खिलाफ होने के कारण भी निरस्त योग्य है। न्यायलय द्वारा वादग्रस्त भूमि के विभाजन के प्राथमिक डिक्री जारी करते हुए बाय मीट्स एण्ड बाउण्ड्स विभाजन के प्रस्ताव करने हेतु तहसीलदार को लिखा गया उक्त प्रस्ताव तहसीलदार एवं समस्त पक्षकारों की उपस्थिति में तैयार करवाये जाने के प्रावधान है परन्तु उक्त प्रस्ताव करवाते समय अपीलांट को किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दि गई एवं जो प्रस्ताव तैयार किये गये थे वो तहसीलदार द्वारा तैयार नही किये जाकर संबंधित पटवारी द्वारा ही तैयार किये गये है जो कि स्पस्ट रूप से नियम 18 से 21 अवहेलना को दर्शाता है।

उन्होनें आगे कथन किया कि प्रकरण में अदालत मातहत द्वारा विभाजन की डिक्री जारी करते समय व तहसीलदार द्वारा विभाजन के प्रस्ताव तैयार करते हुए संयुक्त खातेदारों के कब्जे काश्त व धारण की

राजस्व अपील अधिकारी
बीकानेर

